लोक सभा अध्यक्ष ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2018: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, श्रीमती महाजन ने कहा है:

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मैं सभी देशवासियों और विदेशों में स्थित भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। इस अवसर पर हमें स्मरण करना चाहिए कि भारत का गणतंत्र के रूप में उदय देश की जनता की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मील का पत्थर था। जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो हम पाते हैं कि हमारे देश के संविधान के मूल तत्व और लोकतांत्रिक विरासत ने हमारी जनता के राजनीतिक और सामाजिक, आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और विश्व में हमारे देश की शान बढ़ाई है। आइए, हम राष्ट्रवाद, देशभक्ति और संविधान के प्रति निष्ठा के प्रति स्वयं को पुनः समर्पित करें और भारत को सुदृढ़ बनाने के लिए निष्ठा और निस्वार्थ भाव से कार्य करें। मैं सशस्त्र बलों के बहादुर जवानों को भी नमन करती हूं जो राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए रात-दिन सीमाओं पर खड़े रहते हैं। मैं एक बार पुनः देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देती हूं।